
हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

12 पीएचसी सिर्री का नेशनल टीम ने किया निरीक्षण



13 कुरुद जनपद में हुई सामान्य सभा की पहली बैठक






## खबर संक्षेप

### डीएमएफ की शासी परिषद की बैठक स्थगित

**धमतरी।** जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की शासी परिषद की बैठक एक मई को होने वाली थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास अबिनाश मिश्रा ने बताया कि शासी परिषद की आगामी बैठक की सूचना अलग से दी जाएगी।

### पीपीटी की प्रवेश परीक्षा 1 मई को



**धमतरी।** व्यापम व्दारा गुरूवार 1 मई को धमतरी शहर में पीपीटी की प्रवेश परीक्षा एक पॉली में प्रथम पॉली प्रातः 9:30 से 12:15 बजे तक 3 केन्द्रों में बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में 480 परीक्षार्थी, एनआरएम शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी में 360 एवं शिवसिंह वर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी 360 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8: 30 बजे से प्रवेश दिया जायेगा।

### विप्र विद्वत परिषद का उपनयन संस्कार 8 जून को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार ने बताया कि 8 जून रविवार को सामूहिक उपनयन जनेऊ संस्कार का कार्यक्रम आयोजित है। उपनयन संस्कार के लिए ब्राह्मण बटुक गणेश मंदिर मठ मंदिर चौक के पुजारी के पास पंजीयन करा सकते हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी है।

आंधी में टिन शेड उड़े, कॉलम हुआ तहस-नहस, अछोटा के ग्रामीणों ने विभागीय जांच कराने की मांग की

## महात्मा गांधी रूलर पार्क चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत अछोटा में महात्मा गांधी रूलर पार्क निर्माण में भारी भ्रष्टाचार की शिकायत कलेक्टर से की गई है। इसके अलावा अन्य शिकायतों की जांच कर कार्रवाई की मांग ग्रामीणों ने की है।

ग्राम पंचायत अछोटा के ग्रामीण गैंदलाल ढीमर, अमरू ध्रुव, लीलेश्वर, नंदकुमार, लोमेश निषाद ने कलेक्टर के नाम सौंपे शिकायत आवेदन में कहा है कि तत्कालीन भूपेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी रूलर पार्क (रीपा) 2021-22 योजना का क्रियान्वयन जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत अछोटा के माध्यम से किया गया है। इस कार्य के लिए 2 करोड़ रूपये की स्वीकृति हुई थी। रीपा के तहत बनाए गए टिन शेड तथा कॉलम एक ही आंधी में तहस-नहस हो गया है। यहां किसी प्रकार का विशेष निर्माण नहीं हुआ है, जिसमें 2 करोड़ का खर्च आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि रीपा के तहत हुआ कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। इसकी विभागीय जांच कर राशि वसूलने की मांग की गई है।



### सरपंच पर जमीन छीनकर बेचने का आरोप

ग्राम अछोटा निवासी चिंता बाई पति स्व. संग्राम सिंह विश्वकर्मा ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि 2 साल पहले गांव के रूपेन्द्र ध्रुव ने काबिज जमीन को अपनी बेटी कविता के नाम के 86000 रूपये में खरीदा है जिसका नोटरी बिक्री नामा बनाया गया है। उक्त जमीन पर वह घर निर्माण करा रही थी जिस पर पूर्व सरपंच ने आपत्ति कर उससे छीन लिया और अन्य व्यक्ति के पास बेच दिया। वर्तमान में उसके रहने के लिए झोपड़ीनुमा छोटा सा घर है जिसमें गुजारा करना मुश्किल हो गया है। चिन्ता बाई ने उचित कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग कलेक्टर से की है। चेतन ध्रुव, नंदकुमार ने एक अन्य आवेदन में कहा है कि पूर्व सरपंच ने दीनदयाल उपाध्याय आवासपारा में अवैध कब्जा कर घर बनाया है। ग्रामीणों ने जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## सूचना तंत्र अलर्ट, रहेगी बाल विवाह पर नजर

- अक्ती पर बाल विवाह रोकने जिलास्तरीय चार टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अक्षय तृतीया पर जमकर विवाह होंगे। इस दौरान बाल विवाह की आशंका को देखते हुए बाल संरक्षण इकाई अलर्ट हो गई है। गांव-गांव पर गठित बाल संरक्षण समिति को सावधान रहने की सलाह दी गई है। यही नहीं जिला स्तर की चार टीम भी बनाई गई है जो चारों विकासखंड का दौरा कर बाल विवाह रोकने का काम करेगी।

इस साल जिले में जमकर शादी ब्याह हो रहे हैं। इसी बीच 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का पर्व पड़ रहा है। इस दिन विवाह के लिए अबूझ मुहूर्त भी माना गया है। यही कारण है कि अक्षय तृतीया के दिन जमकर विवाह होते हैं। इस दौरान बाल विवाह की भी आशंका बनी रहती है। हर साल की तरह इस साल भी महिला एवं बाल विकास विभाग की बाल संरक्षण इकाई बाल विवाह रोकने के लिए तैयार बैठी हुई है। बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिला स्तर पर चार टीम का गठन किया गया है। पहली टीम का नेतृत्व जिला बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक करेंगे। यह टीम कुरूद ब्लाक में भ्रमण करेगी। दूसरी टीम को धमतरी में बाल विवाह रोकने का दायित्व दिया गया है। इस टीम का नेतृत्व प्रमोद कुमार अमृत विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी करेंगे। नगरी ब्लाक में यशवंत कुमार बैस संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में टीम बाल विवाह रोकेगी। चौथी टीम नगरी ब्लाक में राजीव गोस्वामी संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत के नेतृत्व में भ्रमण करेगी। सभी टीम को वाहन अलाट कर दिया गया है।

### गुड्डे-गुड़ियों का सजा बाजार

अक्षय तृतीया पर गुड्डे गुड़ियों के विवाह रचाने की परंपरा है। बच्चे इस त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं। बाजार में मिट्टी के गुड्डे गुड़ियों की खूब बिक्री हुई। मौर, दीया, करसा जैसी सामग्री से बाजार में खूब रौनक रही। अक्षय तृतीया पर खरीदी करना काफी शुभ माना जाता है। इसके चलते भी बाजारों में रौनक रही। वहीं घरों में बच्चे मंगलवार से ही गुड्डे गुड़ियों का विवाह रचाने के लिए मंडप सजाने में जुट गए थे।

## गरम पानी से भरी कढ़ाई में गिरा युवक, मौत

- बोरिदखुर्द के शादी कार्यक्रम में खाना परोसने के दौरान हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पड़ोस में आयोजित शादी कार्यक्रम में खाना परोस रहा युवक अचानक गरम पानी से भरी कढ़ाई में गिर गया। घटना में गंभीर रूप से झुलसे युवक की अस्पताल में मौत हो गई है।

परिजन व अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बोरिदखुर्द निवासी दिनेश सेन पिता तेजराम उम्र 45 वर्ष सेलून का काम करता था। बीते 15 अप्रैल को गांव के खोरबाहरा चक्रधारी के घर में उसके बेटे का शादी कार्यक्रम था। पड़ोसी होने के नाते दिनेश 15 अप्रैल को शादी घर में मदद करने गया था। शाम को सभी मेहमान को भोजन कराया जा रहा था। दिनेश भी अन्य लोगों के साथ खाना परोसने में जुटा हुआ था। भोजन कराने का काम लगभग अंतिम चरण पर था। वहीं खाना पकाने वालों ने चावल कम पड़ जाने पर तत्काल पकाने के लिये चूल्हे पर कढ़ाई में गरम पानी रखा था। इसी दौरान दिनेश परोसने के लिये चूल्हा के पास चावल लेने जा रहा था। इसी दौरान जमीन पर बिछे मेट में उसका पैर फंस गया। पैर फंसने से युवक असंतुलित होकर चूल्हे पर रखे गरम पानी की कढ़ाई में पीठ के बल गिर गया। इस घटना में युवक की पीठ व पेट की बायीं तरफ लगभग 45 प्रतिशत झुलस गया। घटना को देख अन्य लोग तत्काल निजी वाहन की व्यवस्था कर घायल को उपचार के लिये मसीही अस्पताल ले गये। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देख युवक को रायपुर रिफर कर दिया गया। युवक को डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 8 दिन बाद 23 अप्रैल को उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। परिजन युवक को घर ले आये। 24 अप्रैल को परिजन ड्रेसिंग कराने युवक को जिला अस्पताल लाये। डाक्टर ने युवक की हालत को देख परिजनों को उसे भर्ती कराने की सलाह दी। परिजनों ने उसी दिन युवक को अस्पताल में भर्ती कर दिया। बर्न वार्ड में युवक का उपचार चल रहा था। मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।





## कलेक्टर मिश्रा ने सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की

- पांच मई से शुरू होगा तीसरा चरण, लगेंगे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में सुशासन तिहार के दौरान जिले में मांग, शिकायतों संबंधी मिले आवेदनों के निराकरण की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने, गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने और उन्हें पोर्टल पर ऑनलाईन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अभी तक जिले में प्राप्त आवेदनों में से लगभग 55 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण कर पोर्टल पर ऑनलाइन कर दिया गया है। शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया भी तेजी से की जा रही है। उन्होंने आवेदनों के निराकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर तीन मई भी निर्धारित कर दी है। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण के लिए जिले में की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की। तिहार के तीसरे चरण में पांच मई से जिले में समाधान शिविरों का आयोजन शुरू हो जाएगा।




## दरवाजे का ताला तोड़कर जेवर व नकदी की चोरी

- दुगली थाना क्षेत्र के सिरकट्टा की घटना, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सूने मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर पेटी में रखे 1.45 लाख के जेवर व नकदी की चोरी कर फरार हो गया है।

पुलिस के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम सिरकट्टा निवासी मनसुख राम नेताम पिता दिलदार उम्र 46 वर्ष खेती किसानी का काम करता है। 24 अप्रैल को मनसुख का बड़ा बेटा मुकेश नेताम जेसीबी चलाने गांव के छोटेपारा गया था। छोटा बेटा निकेश नेताम धान की रखवाली करने खेत गया था। वहीं सास रतनी मरकाम बाड़ी की तरफ लगी धान फसल की रखवाली कर रही थी। मनसुख लगभग 12 बजे अपने मंझले बेटे दिनेश के साथ कमरा में ताला लगाकर व मुख्य दरवाजे में सांकल लगाकर मोटर साइकिल से पैसा निकालने सिंगपुर के च्वाईस सेंटर चला गया। पैसा निकालकर घंटेभर बाद मनसुख जब घर लौटा तो मुख्य दरवाजा खुला पाया वहीं भीतर बरामदे में एक चांदी की क्लिप पड़ी मिली। कमरे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ पड़ा था। कागजात कमरे की चौखट के पास बिखरा हुआ था। कमरे में रखे लकड़ी के संदूक का भी ताला टूटा हुआ था। संदूक खोलकर देखने पर भीतर रखे 6 नग सोने की पत्ती, 2 नग सोने का टाप्स, 2 नग चांदी की पायल, 1 नग चांदी का डोरा, 1 नग चांदी की क्लिप कुल कीमत 64 हजार व नकदी 81 हजार कुल 1 लाख 45 हजार 500 रूपये को अज्ञात चोर ने चोरी कर ले गया। पीड़ित की शिकायत पर दुगली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331-3 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।
























## खबर संक्षेप

### सुखराम नागे कालेज की जनभागीदारी समिति के अजय अध्यक्ष मनोनीत

**नगरी।** जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा की अनुशंसा पर शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी की जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष



जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव को नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, वरिष्ठ भाजपा कर्यकर्ता रवि दुबे, पूर्व नपं अध्यक्ष नगेंद्र शुक्ला, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मोहन नाहटा, जिला महामंत्री कमल डागा, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रुपेंद्र साहू, सभापति अश्विनी, राजा पवार, शुभम, गोलू मंडावी, आसकरण पटेल, अशोक संचेती, अकबर कश्यप, मोहन मानिकपुरी, गुरु प्रसाद, राजू गोसाई ने हर्ष व्यक्त किया है।

### 6वीं में मीनाक्षी व 7वीं में गीतिका अव्वल रही

- सिहाद स्कूल में परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय मध्यमिक शाला सिहाद में कक्षा 6वीं व कक्षा 7वीं का पारिणाम घोषित किया गया। कक्षा 6वीं में प्रथम मीनाक्षी 70.83 प्रतिशत व द्वितीय सुरभि 69.5 प्रतिशत, तृतीय गीतेश्वरी ने 60.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 7वीं में प्रथम गीतिका 86.16 प्रतिशत व द्वितीय लावण्या 83.16 प्रतिशत, तृतीय रिया 82.83 प्रतिशत रही। इस अवसर पर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ललिता साहू शिक्षक एमएल साहू, धीरज दीवान सहित माध्यमिक शाला के पालक संघ के अध्यक्ष चम्मनलाल बैस, भेषज बैस उपसरपंच, चंद्रशेखर सोनी पंच, लीलाराम साहू, श्रीमती जेठिया बाई सेन पंच, कविता बाई पंच, ममता पटेल, मीना बाई पटेल पूर्व पंच सहित ग्रामीणजन व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के 12 बिंदुओं पर पूछा सवाल, मिली सराहना

# पीएचसी सिर्री का नेशनल टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्री का एनक्वास असेसमेंट हुआ। धमतरी जिले के कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक, डीपीएम प्रिया कंवर और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. यू.एस. नवरत्न, श्वेता स्वर्ण डीपीएचएन धमतरी, बीपीएम रोहित पांडे के कुशल मार्गदर्शन एवम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्री का एनक्वास असेसमेंट हुआ। जिसमें असिस्ट करने के लिए पहुंचे नेशनल की टीम के डॉ. विकास त्यागी एवं डॉ. विशाल कटारिया के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया गया। 25 एवं 26 अप्रेल को दो दिनों तक चले फिजिकल असेसमेंट में एनक्वास (राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक) के 12 बिंदुओं पर चर्चा एवं पूछताछ समस्त स्टाफ से किया गया। जिसमें पीएचसी सिर्री के समस्त डॉक्टर, नर्स सहित पूरे स्टाफ ने नेशनल टीम के द्वारा पूछे सवालों का सटीक और सराहनीय जवाब दिया। साथ ही सिर्री के बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पीएचसी सिर्री के समस्त स्टाफ को नेशनल की टीम ने बधाई दिए और उनके सेवा कार्यों की काफी सराहना भी की।

विदित हो कि स्वास्थ्य सेवा के मामले में सिर्री पीएचसी हमेशा अग्रणी रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. एन.के. कामड़े के नेतृत्व में एवं संजय साहू चटौद, राजेश भतपहरी नारी, पीएचसी स्टाफ ज्ञानेश्वरी साहू आरएमए, नोगेंद्र साहू फार्मासिस्ट, पीके दास, कीर्तन साहू नेत्र चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स अर्चना, कुमारी नीता साहू, हमेश्वरी, यामिनी साहू, भगवती साहू, अन्नपूर्णा चंद्रवंशी, हेमा साहू, ड्रेसर देवब्रत कंवर, डाटा एंट्री ऑपरेटर योगिता, बिनेश कुमार, वार्ड आया यामिनी साहू, काजल नाग, शुभ, पोखराज यादव, नारायण यादव, कान्हा निर्मलकर, केवल चतुर्वेदी, खिलेश्वर दास मानिकपुरी, तोरण कंडरा पीलेश्वरी कंडरा एवं सेक्टर सुपरवाइजर अरुण साहू, मुग्धा परिहार एवं सभी सिर्री सेक्टर स्टाफ के सीएचओ हेमा देशलहरे, मनीषा साहू, खिलावन साहू, दुर्गेश्वरी साहू, सुकन्या, आरएचओ मोनिका साहू, मोहनी शर्मा, रजनी वत्सल, अनुराधा ध्रुव, भारती साहू, टिकेश्वर साहू, देवराज विश्वकर्मा, यादराम साहू, ओमप्रकाश साहू, कृष्णदयाल साहू ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं से टीम को अवगत कराया और उनके पूछे सवालों का संतोषप्रद जवाब भी दिया। केंद्रीय टीम के द्वारा परीक्षण कर सेवाओं को सराहा गया एवं भविष्य में और भी बेहतर स्वास्थ सुविधा देने का मार्गदर्शन भी दिया गया।

## गांवों में मंडी बोर्ड से बनेगा टिन शेड, राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से कुरूद विधानसभा क्षेत्र के गांवों में मंडी बोर्ड से टिन शेड निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत की गई है। मेघा मंडल के ग्राम हसदा में टिन शेड 19.07 लाख रुपए, अमलीभाटा में 19.07 रुपए, भेंडरी में 19.07 लाख रुपए, नवागांव 19.07 लाख रुपए, चन्दना में 19.07 लाख रुपए, चन्द्रसूर में 19.07 लाख रुपए, करेलीबड़ी खट्टी में 19.07 लाख रुपए, खैरझिटी में 19.07 लाख रुपए, गिरौद में 19.07 लाख रुपए, मेघा में 19.07 लाख रुपए, सेन्हाभाठा में 19.07 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं।

राशि स्वीकृत होने पर विरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, राजेश साहू जनपद सदस्य सभापति, श्याम साहू पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, कल्याण राजपूत मंडल अध्यक्ष मेघा, महामंत्री संतोष सोनी, डागेश्वर सोनकर, दुर्गेश यादव , महेन्द्र साहू, ईश्वरी, काशीराम साहू हसदा सरपंच, भेंडरी सरपंच राजेश्वरी आनंद पटेल, चन्द्रसूर सरपंच देवचरण साहू, चन्दना सरपंच जीवन यादव, नवागांव अवध साहू, मेघा सरपंच मनीषा ध्रुव, खैरझिटी सरपंच जयनारायण साहू, गिरौद सरपंच तलेश्वर साहू, लुकेश साहू उपसरपंच, यशंवत साहू, घासू साहू ने विधायक अजय चंद्राकर का आभार माना है।

## पहलगाम हमले में मारे गए सैलानियों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

पहलगाम में हुए हमले में मारे गए भारतीय सैलानियों को ग्राम मुरा के ग्रामीणों ने एक-एक दीप जलाकर पुराना रंगमंच में श्रद्धांजलि दी। राघव म्यूजिकल कोटगांव संतोष साहू द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।

# नगरी जनदर्शन में ग्राम टेंगना के ग्रामीण मूलभूत सुविधा मांगने पहुंचे

- अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी जनदर्शन में लोगों का रुझान धीरे-धीरे बढ़ रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी विकासखंड के कुछ दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत गोरेगांव के आश्रित ग्राम टेंगना के महिला पुरुष बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे ।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव विगत कई वर्षों से मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। पिछले समय कलेक्टर में आवेदन किया था परंतु आज तक किसी प्रकार की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया। वहीं महिलाओं ने कहा कि मुख्य मार्ग पर थोड़ा सा पानी गिरने से गली में पानी भर जाता है जिसकी निकासी की कोई सुविधा नहीं है। वही लोगों का कहना है शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत पेय जल हेतु पाइप लाइन का विस्तार किया गया जिसमें ठेकेदार के द्वारा पाइप बिछाई कार्य करने के बाद खाली छोड़ दिया गया जो पूरी तरह से गड्ढे हो गए हैं। पानी जाम होने के कारण वहां से बदबू आ रही है। साथ ही आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी ने बताया कि तहसील कार्यालय नगरी में कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह सोमवार को कार्यालय में 10 से 1 बजे तक आवेदन लिया जा रहा है। प्रत्येक ग्राम पंचायत की गांव के लोगों के द्वारा आवेदन दिया जा रहा है जिसका निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग को तत्काल जांच प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। इस बार ग्राम पंचायत गोरेगांव के आश्रित ग्राम टेंगना के ग्रामीण अपनी समस्या लेकर आए थे जिसको सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी लेकर जांच कर आगे की कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

## बच्चों की देखभाल हम सबकी जिम्मेदारी : टेकाम

- फरसियां में लईका घर केंद्र क्रमांक 2 के नए भवन का शुभारंभ
- पंचायत प्रमुखों ने केन्द्र को कूलर भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम फरसियां में लईका घर केंद्र क्रमांक 2 के नए भवन का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच केशव टेकाम एवं उपसरपंच त्रिलोक साहू थे। इस अवसर पर सरपंच टेकाम ने कहा कि लईका घर बच्चों के समग्र विकास का केंद्र है, जहां बच्चों को पोषण के साथ-साथ खेल, शैक्षिक, मानसिक गतिविधियां तथा संस्कार मिलते हैं। उपसरपंच त्रिलोक साहू ने कहा कि वर्तमान में बच्चों की देखभाल हम सबकी जिम्मेदारी है। बच्चों के लिए उचित वातावरण निर्माण के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। गर्मी में बढ़ती उमस से बच्चों को राहत दिलाने सरपंच एवं उपसरपंच व ओमप्रकाश साहू के नेतृत्व में केंद्र को एक कूलर प्रदान किया गया। अतिथियों व ग्राम के वरिष्ठजनों ने नये केन्द्र भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इससे पूर्व मोबाइल क्रैचेस संस्था के मुकेश कुमार वर्मा ने लईका घर कार्यक्रम में मोबाइल क्रैचेस संस्था व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की भूमिका की जानकारी दी। सुपरवाईजर उपेंद्र साहू ने लईका घर की सेवाएं, बच्चों की पात्रता, पोषण प्रबंधन तथा अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान लईका घर प्रबंधन समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष अनीता साहू, सचिव अश्वनी सिन्हा व संयोजक संगीता गोस्वामी का मनोनयन किया गया। समिति में सरपंच केशव टेकाम, उपसरपंच त्रिलोक साहू, पूर्व उपसरपंच शिवदयाल साहू को शामिल किया गया।

मौके पर पंच अनीता साहू, सोपसिंग, तोरण साहू, ओमप्रकाश साहू, अघनू साहू, पालक अश्वनी सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नंदनी साहू, देखभाल कार्यकर्ता संगीता गोस्वामी, प्रीति सिन्हा, वालंटियर लोकेश्वर साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## असफलता ही सफलता की कुंजी है : दुलार

- सिलौटी स्कूल में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में स्थानीय परीक्षा परिणाम शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुलार सिन्हा, अनिल राव शिन्दे सरपंच, सदस्य मंजुषा मार्कण्डेय, राधिका साहू की उपस्थिति में घोषित किया गया। अध्यक्ष दुलार सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह परीक्षा जीवन की अंतिम परीक्षा नहीं है। असफलता ही सफलता की कुंजी है।

कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम 64.44 प्रतिशत रहा। भावेश कुमार पिता छबिलाल प्रथम, अमृता साहू पिता हेमलाल द्वितीय एवं नीलम साहू पिता केशव साहू तृतीय रहे।

कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय का परीक्षा परिणाम 56 प्रतिशत रहा। भावना पिता ओंकार साहू प्रथम, साहिल कुमार पिता भीषम द्वितीय एवं मुकुल कुमार पिता हरेश कुमार तृतीय स्थान पर रहे। ग्यारहवीं गणित संकाय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। टेमेन्द्र कुमार पिता झालेश्वर प्रथम, मोनिका पिता ईश्वर द्वितीय एवं लक्ष्मी साहू पिता हेमलाल तृतीय रहे। कक्षा ग्यारहवीं जीवविज्ञान का परीक्षा परिणाम 79.96 प्रतिशत रहा। दिपाली पिता मदनलाल प्रथम, जिज्ञासा पिता देवेन्द्र द्वितीय एवं डामेश्वरी पिता अरूण तृतीय स्थान पर रही। ग्यारहवीं वाणिज्य का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्य बी. पदमा राजेश ने संस्था के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए स्टाफ व छात्रों को बधाई दी एवं छात्रों को कड़ी मेहनत करने की बात कही।

मौके पर एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके जैन, एसके ध्रुव, सीपी साहू, एचआर साहू, आर पोर्ते, वायके सेन, एनआर साहू परीक्षा प्रभारी, रानी साहू, एनके साहू, एचके साहू, यशोदा साहू, आकाश साहू, गिरधारी साहू, भोजराम साहू उपस्थित थे।

छग से 97 प्राथमिक शाला के शिक्षक एवं 3 माशा के शिक्षकों का हुआ था चयन

# एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स सम्मान में धमतरी जिला राज्य में दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





राज्यस्तरीय एफएलएन सह नवाजतन सम्मान समारोह का आयोजन आंजनेय यूनिवर्सिटी काइट कालेज विधानसभा रोड नरहदा रायपुर में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ.योगेश शिवहरे लोक शिक्षण संचनालय छग एवं विशिष्ट अतिथि आशुतोष चावरे लोक शिक्षण संचनाला छग, सुनील मिश्रा एफएल न प्रभारी छग थे। इस अवसर पर महेन्द्र कुमार बोरझा एसआरजी कोर ग्रुप सदस्य ने बताया कि पूरे छग के 33 जिलों में धमतरी जिले के शिक्षकों ने एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स सम्मान में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है।

विदित हो धमतरी जिले से 10 शिक्षकों का सह नवाजतन वारियर सम्मान के लिए चयन हुआ जिनमें गोविन्द राम निषाद मा.शाला बोड़रा, डिगेग कुमार कश्यप प्राशा बुडरा, दीक्षा सूर्यवंशी प्रा.शाला रामनगर, छगनलाल विश्वकर्मा प्राशा मधुबनपारा राकाडीह जितेन्द्र कुमार पाल प्रा.शा. कुंडेल, प्राशाला मुड़पार से रमेश कुमार यादव, महेश्वरी सिन्हा ,उर्मिला नेताम, शशि कला जाधव और प्रा.शा.पुरी से वेदिका ध्रुव शामिल हैं। पूरे छग से 97 प्राथमिक शाला के शिक्षक एवं 3 माशा के शिक्षकों को नवाजतन सह एफएलएन वारियर्स सम्मान के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम अतिथि डॉ.योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक, आशुतोष चावरे उपसंचालक लोक शिक्षण संचालनालय छग, सुनील मिश्रा एफएलएन प्रभारी एस.सी.ई.आर.टी रायपुर ने प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। राज्य के 66 नवाजतन कोर ग्रुप के सदस्य जिला प्रभारियों का भी सम्मानित किया गया।

विदित हो कि इस कार्य को अमलीजामा पहनाने का कार्य 66 सदस्यीय कोर ग्रुप के सदस्यों ने किया। इस कार्यक्रम के लिए आर.के. जलतारे को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। दीपेश पुरोहित को आनलाइन फार्म से लेकर डिजिटल कार्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। 66 सदस्यों वाली टीम ने अपनी मेहनत और लगन से कार्य को सम्पन्न किया। पहले चरण में 1500 से अधिक शिक्षकों ने चुनौती ली। इन शिक्षकों की शालाओं का आनलाइन व आफलाइन मूल्यांकन हुआ। जिसमें से लगभग 200 स्कूलों के शिक्षकों का चयन आफलाइन मूल्यांकन के लिए हुआ। तत्पश्चात इन 200 स्कूलों में से 100 स्कूलों के शिक्षकों के अंतिम 100 के लिए चयन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। अंतिम 200 शिक्षकों में धमतरी जिले के 19 स्कूल के शिक्षक शामिल हुए। अंतिम चरण के लिए धमतरी जिले से 10 शिक्षकों का चयन राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के लिए हुआ। अंतिम चरण की चयन प्रक्रिया में एससीईआरटीई रायपुर द्वारा मनोनीत सदस्यों में जिले के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, डाइट प्रभारी , जिला प्रभारी संगीता रनघाटी, एसआरजी कोर ग्रुप एम के.बोरझा, संतोष साहू, अनुसुइया सिनहा, डिगेश कश्यप, शशि कांत बैरागी रहे। राज्य में दूसरे स्थान दिलाने वाले इन शिक्षकों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर साहू, डायट प्राचार्य पीएस राय, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी महेश्वरी ध्रुव, बीआरसी प्रकाशचंद साहू, सहायक प्राध्यापक जोहन नेताम, संकुल प्राचार्य नीरज सोन, जिले के सभी एसआरजी, डीआरजी, संकुल समन्वयकों को शुभकामनाएं दी है।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## अंचल की खबरें

### फेडरेशन ने दी पहलगाम घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि



**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा मगरलोड द्वारा पहलगाम घटना में शहीद हुए लोगों को कारगिल उद्यान मगरलोड में कैंडल जलाकर एवं दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गई। फेडरेशन ने कहा कि ईंट का जवाब पत्थर से देना चाहिए। आतंकी भारत की धैर्य की परीक्षा न लें। भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। सदस्यों ने युद्ध की स्थिति निर्मित होने पर देश हित में आर्थिक सहयोग करने की बात भी कही। इस अवसर पर ब्लॉक संयोजक दयाराम साहू, प्रवक्ता डेवेश कुमार साहू, ब्लाक कोषाध्यक्ष सियाराम कुर्रे, सहप्रवक्ता खिलेश्वर सोनबेर, प्रचार-प्रसार मंत्री बेदराम साहू, मार्गदर्शक तामेश्वर ठाकुर, दुष्यंत साहू, दिलीप कोठारी, शेखन साहू, मोहन सारथी, प्रमोद डड़सेना, ताम्रध्वज साहू, भामेश्वरी साहू, ईश्वरी निर्मलकर, कीर्ति लता, रश्मि निर्वाण, कामना केरकेट्टा सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला सिहावा में पढ़ई तिहार का हुआ आयोजन



**नगरी।** प्राथमिक शाला थानापारा सिहावा में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि नरसिंग पटेल, श्रीमती मानो बाई वर्मा थे। प्रभारी शिक्षिका श्रीमती मोनासिंह परिहार ने 9 काउंटर के माध्यम से गर्मी छुट्टी में बच्चों को घर में माता किस तरह से पढ़ाई से जोड़े रहेंगी और अवकाश के दिनों में भी सीखना सिखाना जारी रखेंगी, प्रदर्शन के माध्यम से बताया। संस्था प्रमुख तोमल सिंह साहू ने पढ़ई तिहार के बारे में जानकारी दी। माताओं और पालकों का पढ़ई तिहार के प्रति उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में कक्षा पांचवीं के छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें विदाई दी गई। सभी बच्चों ने अपने पांच साल के अविस्मरणीय पलों को साझा किया। मौके पर पूजा मानिकपुरी, अंजलि, सुनीता पटेल, कांति पटेल, शिवा, माहेश्वरी प्रधान, ललिता यादव, देवीराम पटेल, हेमलाल पटेल सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### गिरौद स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला गिरौद का परीक्षा परिणाम अध्यक्ष श्रीमती कुंती साहू, श्रीमती राधिका निषाद, श्रीमती नेमिन साहू, श्रीमती संगीता साहू, उपाध्यक्ष अजय कुमार साहू, चेतन साहू, नेपाल विश्वकर्मा, संस्था प्रमुख चंद्रशेखर सेन, माखनलाल साहू, कामता राम साहू, कमलनारायण निषाद की उपस्थिति में घोषित किया गया। संस्था प्रमुख और शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमेशा बड़ों का आदर कर उनके बताए हुए मार्ग पर चले। लुकेश साहू उपसरपंच ने छात्र-छात्राओं को बिस्किट दी। यह जानकारी शिक्षक माखनलाल साहू ने दी।

### बिरगुड़ी स्कूल में 9वीं में अंजना, 11वीं में रागनी प्रथम



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी में सत्र 2024-25 के कक्षा नवमी और 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कक्षा नवमी का परिणाम 60% रहा। कक्षा ग्यारहवीं का परिणाम 79% रहा। कक्षा नवमी में अंजना ने 83.50% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, ग्यारहवीं कला संकाय में मनीष कुमार यादव ने 76.40% प्रथम स्थान, विज्ञान संकाय में रागनी नेताम ने 77.80% से प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि अकबर कश्यप उपसरपंच बिरगुड़ी, प्राचार्य एमएस. कुर्रु, दीपक साहू सांसद प्रतिनिधि, राधेश्याम नाग, राजेश कश्यप, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, कोमल सेन, पेमल लाल साहू पालकगण, परीक्षा प्रभारी ए.के. साहू, समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एम.के. मरकाम ने किया।

### मेघा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित






**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा में कक्षा 9वीं, 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 11वीं में प्रथम दामिनी साहू 92 प्रतिशत, द्वितीय लक्ष्मी साहू 86 प्रतिशत, तृतीय तामेश्वरी साहू 80 प्रतिशत रहे। कक्षा 9वीं में प्रथम वंदना 84.83 प्रतिशत, द्वितीय हेमलेश्वरी 83.83, तृतीय धारणी 82.83 प्रतिशत रहे। परीक्षा परिणाम प्राचार्य ने घोषित किया। उन्होंने कहा कि असफल छात्र निराश न हों। हर परिस्थिति के लिए खुद को तैयार करें। शिक्षकों ने अनुत्तीर्ण छात्रों को अपनी कमजोरियों को सुधारने की सलाह दी। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, सरपंच मनीषा धुव्र, पूर्व सरपंच नीरामणि पटेल, संध्या साहू, प्रेमलता सोनी, राजेश साहू, ताराचंद साहू,संतोष साहू, तोरण पटेल, पूजा साहू,परदेशी राम, जगेश्वर निषाद, दुर्गेश नंदनी, प्राचार्य एसके साहू, अवधराम साहू , विद्या साहू, अमित कुमार कंवर, कीर्तिलता साहू , दिलीप कुमार साहू, भावना चावड़ा, किरण साहू, जयंत कुमार साहू, प्रीतम लाल साहू, टुकेश्वरी साहू मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### बाकरा नाला से निकाला गया मलबा



**धमतरी।** विगत कई वर्षों से सुंदरगंज वार्ड सिहावा चौक के बाकरा नाला की सफाई नहीं हुई थी। वार्ड के लोगों को दुर्गन्ध सहन करना पड़ता था। स्वास्थ्य विभाग के सभापति को वाट्सएप के माध्यम से ध्यान आकर्षण कराया गया। उन्होंने मामले की गंभीरता को लिया और जेसीबी से पूरे मलबे की सफाई करवाई। महेंद्र खंडेलवाल ने निलेश लूनिया के इस कार्य की प्रशंसा की।

### सारंगपुरी स्कूल में रिजल्ट घोषित



**धमतरी।** ग्राम सारंगपुरी की प्राथमिक शाला में कक्षा 1 से 4 और 6 एवं 7 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जो शत-प्रतिशत रहा। सरपंच रामकुमार यादव ने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद और संस्कारवान बनने के सुझाव दिए। इस अवसर पर माध्यमिक शाला अध्यक्ष गोपेश्वर यादव, धानसिंह कंवर, शिक्षकगण लोकेश्वर साहू, समन्वयक दाऊ, योगिता साहू, लोकेश निर्मलकर, श्री टंडन समेत शाला के सभी बच्चे उपस्थित थे।

### महापौर नहीं मनायेंगे अपना जन्मदिन



- समर्थकों से किसी तरह का आयोजन न करने की अपील की

**धमतरी।** पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले को लेकर जहां पूरे विश्व में आक्रोश और गुस्सा है। इस हृदय विदारक घटना में मृत लोगों के परिवारों की प्रति गहरी संवेदना हैं। इस हृदय विदारक घटना के चलते महापौर रामू रोहरा ने अपने जन्मदिन को सादगीपूर्ण मनाने का निर्णय लिया है तथा अपने समर्थकों से भी किसी तरह का कार्यक्रम आयोजित नहीं करने का आग्रह किया है। ज्ञात हो कि आज 30 अप्रैल को महापौर रामू रोहना का जन्मदिन है।

### टिकेश्वर का पैरा कमांडो में चयन



**धमतरी।** ग्राम के सिवनीखुर्द के युवा टिकेश्वर साहू का पैरा कमांडो में चयन हुआ है। वह पिता नेमन साहू-नंदनी साहू का पुत्र है। बचपन से ही खेल गतिविधियों एवं देश सेवा का जुनून पैदा करने में उनके दादा खोरबाहरा राम साहू का अमूल्य योगदान रहा। उनके बड़े भाई ललित साहू पशु चिकित्सा विभाग में सेवा दे रहे हैं। परिजन एवं ग्रामवासियों ने सम्मान समारोह आयोजित कर प्रशिक्षण के लिए बेंगलोर रवाना किया। मौके पर श्रीमती शांता बाई, श्रीमती मीना बाई, अनिरूद्ध, शांतनु, पेमन साहू, ज्ञानकुमार साहू, मनीष साहू, तुलाराम, भीखम मंडली दीवान समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पीएमश्री स्कूल अरौद में परीक्षा परिणाम घोषित



**मगरलोड।** पीएम श्री स्कूल में कक्षा पहली से चौथी तक परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा पहली में होमेश प्रथम, सूर्यकांत द्वितीय रहे। दूसरी में प्रथम खुशबू, द्वितीय वंदना, तीसरी में कुलेश्वर प्रथम, जान्हवी द्वितीय, चौथी में प्रथम लक्ष्मीकांत, द्वितीय तेजिस्वनी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरडी सेवानिवृत्त शिक्षक एसएससी, अध्यक्ष गुलाब राम, उपाध्यक्ष सतरूपा साहू, ग्रामीण सदस्य रिखीराम साहू, सरपंच अरौद पेखन साहू व पालक गण रुपेश, पूनम यादव थे। सभी ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद प्रदान किया। प्रधानपाठिका पुष्पलता यादव ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया। मौके पर शिक्षक प्रमोद ध्रुव, लुकेश्वरी दीवान, यशवंत कंवर उपस्थित थे।

### राजपुर स्कूल में 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षाफल 78.78 प्रतिशत एवं कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 66.66 प्रतिशत रहा है। कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम तेजेश्वर कोसरिया 77 प्रतिशत, द्वितीय दुर्गा निषाद 74 प्रतिशत, तृतीय गीतांजलि ध्रुव 71 प्रतिशत रहे। कक्षा नवमी में प्रथम विश्वास मानिकपुरी 90 प्रतिशत, द्वितीय पूनम चंद्रवंशी 87 प्रतिशत और तृतीय आरती ध्रुव 84 प्रतिशत रही है। अतिथियों ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा असफल छात्रों को निराश नहीं होने की सीख देते हुए फिर से अच्छी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष संतोष निषाद, सरपंच उत्तम नेताम , ग्राम पटेल गिरधर सिंह वट्टी ,प्राचार्य आरके टंडन, व्याख्याता डोमार सिंह ध्रुव, मोहनलाल निषाद, सुनीता कोसरे , देवलाल कुंजाम, केशव प्रजापति, वरुण कुमार वट्टी, निर्मला चंद्रवंशी, मधु वट्टी, पुरंजय भंडारी, उत्तम नेताम सहित अन्य उपस्थित थे।

### अध्यक्ष गीतेश्वरी ने कई जनहितैषी मुद्दों पर अधिकारियों को दिए निर्देश

# कुरुद जनपद में हुई सामान्य सभा की पहली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जनपद पंचायत कुरूद की सामान्य सभा की पहली बैठक हुई। अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने अधिकारियों से जनपद सदस्यों का परिचय कराते हुए मोबाइल नंबर आदान-प्रदान कराया। उन्होंने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा बताए गए जनहित के कामों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।

सोमवार को कुरुद जनपद सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सदस्यों ने कई विभागीय मुद्दों पर चर्चा कर जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे पर निर्णय लिया। बैठक का मुख्य फोकस पेयजल संकट, निर्माण कार्यों की स्थिति, महिला एवं बाल कल्याण की योजनाएं और स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर रहा। एक सदस्य ने जोरातराई की पानी टंकी की सफाई और चरमुड़िया में जल विस्तार का मुद्दा उठाया।

इस पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बताया कि जोरातराई टंकी में पानी नहीं पहुंच रहा है। इस पर उपाध्यक्ष सतीश जैन ने ठेकेदार का भुगतान रोकने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम पंचायतों के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने, चरमुड़िया में जल विस्तार और रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण के निर्देश दिए गए।

बैठक में आनंद यदु, एवन साहू, चंद्रशेखर साहू, महेश ध्रुव, सिंधु बैस, शकुंतला देवांगन, हिमांशु साहू, अनुराग साहू, चित्रलेखा ध्रुव, रेखा साहू, डिकेश्वरी देवांगन, कुलेश्वरी साहू, मनीष साहू, उर्वशी बांधेकर, ललिता भतपहरी, गंगा साहू, बनिता सिन्हा, लीली श्रीवास, कंचन साहू, ठाकुरराम साहू, रुमान कुर्रे, टेकराम साहू, दिलीप चक्रधारी, सीईओ अमित सेन, डॉ. नवरत्न, राकेश ध्रुव उपस्थित थे।

#### जुगदेही-कोर्रा सड़क का जीर्णोद्धार करने के निर्देश

पीडब्ल्यूडी से भवन और सड़क निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कोर्रा से सिलौटी साइड सोल्डर कार्य जल्द शुरू करने, बंगोली स्कूल के पास सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए ब्रेकर बनवाने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुर्रा, मुरा और गोबरा का आंगनबाड़ी भवन जर्जर है। इनकी मरम्मत और नए भवन निर्माण हेतु ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव मंगाया गया है। पोषण आहार की गुणवत्ता पर निगरानी रखने संबंधित अधिकारी को आकस्मिक निरीक्षण करने के लिए कहा गया। कुरूद सिविल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी को दूर करने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजा गया। राजस्व और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। आरईएस विभाग को सभी शासकीय भवनों और निजी मकानों में वर्षा जल संचयन व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। पचपेड़ी, तर्रागोंदी और सिरसिदा में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण और सत्यापन करने की बात पर सहमति प्रदान की गई।

## डुबानवासियों ने क्षेत्र की समस्याओं से मुख्यमंत्री को कराया अवगत



**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से गंगरेल डुबान के वरिष्ठ पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने भेंट की और क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखा। सड़क, पुल, पुलिया और वन अधिकार प्रमाण पत्र, व्यवस्थापन की समस्याएं बताईं। नए निर्माण और विकास कार्यों के आवेदन किया। कोड़ेगाव रैयत में मोबाइल टावर लगाने की मांग की। मोंगरागहन- कोड़ेगाव बी के टूटे पुल को नया बनाने की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डुबान की समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाएगा। विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी और रुके हुए कार्य पूरे किए जाएंगे। इस दौरान डुबानवासियों ने मुख्यमंत्री को डुबान आने का न्योता दिया। मौके पर धमतरी जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव, सरपंच जितेंद्र सिन्हा, पुराना ध्रुव, भाजपा मंडल महामंत्री अहमद अली, सरपंच शैलेन्द्र नाग, सरपंच रमेश निषाद समेत अन्य उपस्थित थे।

### समय की महत्ता बताने छात्रों को दी घड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम खपरी के मिडिल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन कर 8वीं पास होने वाले छात्र-छात्राओं को ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के सभापति अग्रवाल साहू थे। उन्होंने छात्रों को समय का सदुपयोग करने की सलाह देते हुए सभी 22 छात्र-छात्राओं को उपहार स्वरूप घड़ी प्रदान की। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष लुकेश्वरी साहू, शिक्षाविद आरआर रायपुरिया, प्रधानपाठक केएल साहू, डीके सिन्हा, बीआर साहू, विनेवरी साहू आदि उपस्थित थे।

## मोंगरागहन हाईस्कूल के उन्नयन की मांग

- पेयजल, भवन, अहाता, साइकिल स्टैण्ड का अभाव



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल डुबान के ग्राम मोंगरागहन के सरकारी हाईस्कूल में समस्याओं का अंबार है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से स्कूल की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है।

ग्राम मोंगरागहन के ग्रामीण भुनेश्वर साहू, बिसालिक राम, झाड़ूराम कोर्राम, बालसिंग, लक्ष्मण सिंग ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि डुबान क्षेत्र के ग्राम मोंगरागहन में शासकीय हाईस्कूल वर्ष 2018 से संचालित हो रहा है।

इस स्कूल में दर्ज संख्या लगातार बढ़ रही है लेकिन विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। हाईस्कूल को हायर सेकेण्डरी में उन्नयन करने करने की मांग की गई। शाला का संचालन 3 अतिरिक्त कक्ष वाले एकमात्र भवन में हो रहा है। इसके लिए मूल शाला भवन, स्कूल में बोरवेल नहीं होने, स्कूल में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। स्कूल के चारों ओर अहाता निर्माण तथा साइकिल स्टैण्ड की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने उक्त मांगों का त्वरित निराकरण कराने की मांग कलेक्टर से की है।

#### जंगल में तार घेराबंदी पर रोक लगाने की मांग

नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत छिपली सरपंच सहित ग्राम पटेल मनहरण लाल साहू, संतराम, आशीष, घेवरचंद साहू ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि ग्राम पंचायत छिपली के अंतर्गत वन विभाग के कक्ष क्र. 298 से लगे मैदान के जंगल में तार की घेराबंदी की जा रही है जिससे मवेशियों के आने-जाने तथा चारागाह में समस्या आ रही है। 24 अप्रैल 2025 को आयोजित विशेष ग्रामसभा में तार घेराबंदी पर रोक लगाने तथा पूर्व की स्थिति बने रहने का प्रस्ताव पारित किया गया है। ग्रामीणों ने तार घेराबंदी पर रोक लगाने की मांग की है।

## एक्सीडेंट में एक की मौत और दूसरा गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



सांकरा मेन रोड में सुअर पालन केंद्र के पास एक ट्रक क्रमांक CG04 MT 9197 जो खराब स्थिति में रोड के एक साइड में खड़ी थी वहीं नगरी से सांकरा की तरफ जा रहे मोटर साइकल क्रमांक सीजी 23 एफ 4118 खड़ी ट्रक में जाकर घुस गई। इस दुर्घटना में घटना स्थल पर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक को पिकअप और घायल को एंबुलेंस के माध्यम से शासकीय अस्पताल लाया गया। घायल और मृतक का नाम और अन्य जानकारी नहीं मिल पाई है। घटना की सूचना नगरी पुलिस को मिलते ही पुलिस के जवान घटना स्थल पर पहुंच गए थे। घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार नगरी शासकीय अस्पताल में किया जा रहा है।

## छात्राओं के सपनों को मिलेगी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया के निर्देशन में करियर गाइडेंस समिति प्रभारी राम सोनी तथा आईक्यूएसी सेल के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के सपनों को उड़ान देने और नई उचाइयां प्राप्त करने के लिए करियर गाइडेंस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को एयरलाइंस कंपनियों में एयर होस्टेस, मुख्य पायलट, सह पायलट, केबिन क्रू मेंबर्स, ग्राउंड स्टाफ, मैनेजमेंट, लेखांकन विभाग, एयरलाइन प्रबंधक, तकनीशियन, सुरक्षा अधिकारी, यात्री सहयोग स्टाफ आदि पदों पर अपने बेहतर भविष्य का निर्माण करने के लिए जानकारी प्रदान करना तथा जागरूक करना था। मुख्य वक्ता फ्लेज इंस्टीट्यूट ऑफ नेविएशन एंड हॉस्पिटैलिटी रायपुर की श्रीमती रीत शारदा, उनके सहयोगी पी. करुणा, लक्ष्मी टंडन तथा मेघा पेटल थे। उन्होंने देश के प्रमुख एयरलाइंस में अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए पद अनुरूप कोर्सेज, ट्रेनिंग, इंटरव्यू की तैयारी तथा प्लेसमेंट से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी। प्राचार्य ने कहा कि विमानन क्षेत्र में करियर बनाना एक शानदार विकल्प है। इसके माध्यम से छात्राओं को उत्तम वेतन, सतत शिक्षा तथा रोमांचक कार्य अनुभव प्राप्त हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन आकाश साहू तथा आभार व्यक्त मधुमाधव देव ने किया।

## इफको प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सहकारी कर्मी दिल्ली रवाना



**पुरी।** इफको प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सहकारी कर्मी दिल्ली रवाना हो गए हैं। इफको नैनो उर्वरक आधारित उर्वरक विपणन एवं प्रायोगिक प्रबंधन कार्यक्रम गुरुग्राम दिल्ली में प्रशिक्षण लेंगे। जिसमें जिले के सहकारी समिति कर्मचारी से प्रबंधक, बैंक सुपरवाइजर, शाखा प्रबंधक लगभग पैंतीस व्यक्ति 28अप्रेल को रवाना हुए। यह प्रशिक्षण 29 अप्रेल से 2 मई तक चलेगा और 4 मई को रायपुर वापसी होगी। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू ने दी है।

### कलेक्टर बोले :

## आंगनबाड़ी ठीक, तो सब ठीक



- महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली
- 10%से अधिक कुपोषण वाले सुपरवाईजरों को जारी होगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कार्य दिवस के दूसरे पहर में मंगलवार को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग का मुख्य कार्य केन्द्र आंगनबाड़ी है। आंगनबाड़ी ठीक तरह से समय पर संचालित होगी तो अन्य सभी गतिविधियां भी स्वतः ही ठीक हो जाएंगी। कलेक्टर ने सभी परियोजना अधिकारियों और सेक्टर सुपरवाईजरों को अपने-अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्म पोषण आहार और भोजन नियमिति रूप से कराने के निर्देश भी दिए। समीक्षा के दौरान श्री मिश्रा ने दस प्रतिशत से अधिक कुपोषण की स्थिति वाले लगभग 18 सेक्टरों की सुपरवाईजरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने देमार सेक्टर की आंगनबाड़ियों में बच्चों की कम उपस्थिति पर भी नाराजगी जताई और देमार की पर्यवक्षक को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने सांकरा सेक्टर की पर्यवेक्षक की बिना अनुमति और बिना सूचना के एक माह से लगातार कार्य से अनुपस्थिति पर भी अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की और पर्यवेक्षक का एक माह का वेतन काटने तथा सेवा पुस्तिका में एंट्री करने के निर्देश भी दिए। श्री मिश्रा ने गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुनर्वास केन्द्रों में बच्चों को भर्ती कराने के लिए प्रतीक्षा सूची की तरह ही व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्रों में डॉक्टरों द्वारा बच्चों की लगातार जांच कराने, डाईट चार्ट बनाकर भोजन के साथ पूरक पोषक आहार आदि उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को टेक होम राशन अभियान के तहत निर्धारित मात्रा में सामग्री वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस योजना से लाभान्वित होने वाली महिलाओं का शत-प्रतिशत सत्यापन करने को भी कहा।

## सिवनी खुर्द के द्रोण का अग्निवीर में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



सिवनी खुर्द के द्रोण कुमार साहू पिता स्व. भोपाल सिंह साहू का अग्निवीर अंतर्गत इंजीनियरिंग विभाग में चयन हुआ है। श्रीफल, पुष्पहार, अंगवस्त्र भेंटकर उन्हें सम्मानपूर्वक ट्रेनिंग के लिए विदा किया गया। द्रोण कुमार बचपन से ही मेधावी, मेहनती और लगनशील युवक है। उन्होंने अपने परिवार, समाज, गांव एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती धनेश्वरी साहू, साहू समाज परिक्षेत्रीय अध्यक्ष डेरहू राम साहू, तुलाराम साहू, रामेश्वर लाल साहू, रविंद्र दीवान, शत्रुघनलाल साहू व्याख्याता, लेखराम साहू शिक्षक, देवव्रत साहू, मंगलूराम साहू, नेमन साहू, चंदूलाल साहू, देवनारायण साहू, बालाराम साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## चिटौद में आंतकियों का पुतला जलाया



- कैंडल मार्च निकालकर दी मृत पर्यटकों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)

जम्मू कश्मीर के पहलगांव में 22 अप्रैल को हुए आंतकी हमले के विरोध में क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में भी आंतकवादियों का पुतला दहन किया गया। कैंडल मार्च निकालकर मृत पर्यटकों को श्रद्धांजलि देकर देश के प्रधानमंत्री से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की है।

ग्राम चिटौद में हिन्दू परिषद, सोनहाबादर के कलाकारों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने गांधी चौक पर एकत्रित होकर कैंडल मार्च कर आंतकवाद का पुतला दहन किया। इस अवसर पर सोनहाबादर के संचालक जितेन्द्र साहू ने कहा कि पर्यटकों से धर्म पूछकर उन पर हमला करना सम्पूर्ण मानवता को शर्मसार करने वाला है। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री सुरेन्द्र तिवारी ने कहा कि आतंकी भारत की धर्य का परीक्षा न लें। अब हमारे देश की सेना पाकिस्तान के घर में घुसकर इन आंतकवादियों का सफाया करेंगे। आतंकी लगातार एक विशेष समुदाय को लक्ष्य कर सनातन संस्कृति को मिटाने का प्रयास कर रहा है जो कभी सफल नहीं होगा। ग्रामीणों ने आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर पुतला दहन किया। इसके बाद मृतकों को श्रद्धांजलि देकर एवं घायलों के लिए दीप जलाकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

मौके पर चिटौद सरपंच तीरथ यादव, बनवाली मेश्राम, देवलाल साहू, गोकुलराम साहू, परसराम साहू, चंद्रहास साहू, अघनूराम साहू समेत अन्य उपस्थित थे। इसी प्रकार ग्राम पुरूर में भी जन आदर्श सेवा समिति एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने कैंडल मार्च निकालकर मृत पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। केन्द्र सरकार से आतंकवाद एवं पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की। अध्यक्ष मुकेश यादव ने देशवासियों से सरकार के साथ मिलकर आंतक के खिलाफ इस लड़ाई में सहयोग करने की अपील की।
















## परशुराम शब्द का अर्थ

परशुराम दो शब्दों से मिलकर बना हुआ है, परशु अर्थात "कुल्हाड़ी" तथा "राम" इन दो शब्दों को मिलाने पर "कुल्हाड़ी के साथ राम" अर्थ निकलता है, जैसे राम, भगवान विष्णु के अवतार हैं, उसी प्रकार परशुराम भी विष्णु के अवतार हैं। इसलिए परशुराम को भी विष्णुजी तथा रामजी के समान शक्तिशाली माना जाता है।

परशुराम के अनेक नाम हैं, इन्हें रामभद्र, भार्गव, भृगुपति, भृगुवंशी (ऋषि भृगु के वंशज), जमदग्न्य (जमदग्नि के पुत्र) के नाम से भी जाना जाता है।





























